(ग) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(घ) यह प्रश्न ही नहीं उठता।

Evasion of Excise Duty by Manufacturers

1048. DR. RANBIR SINGH: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the attention of Government has been drawn to the news item captioned "Utpad shulk chori dabane ki kosis" appearing in the Jansatta on 19th June, 1995; and

(b) if so, the facts thereof?

THE FINANCE MINISTER (SHRI MANMOHAN SINGH): (a) and (b) Yes Sir. The Government is aware of the news item captioned "Utpad Shulk chori dabane ki kosis" appearing in the Jansatta on 19th June, 1995. The news item refers to evasion of excise duty by stainless steel manufacturers in Haryana, Delhi and U.P.

The Preventive machinery of the departmnet has undertaken various anti evasion measures and has also booked some cases.

Plan for Development of Power Sector

1049. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether there is any comprehensive plan to develop power sector during the VIIIth Five Year Plan in private and public sectors; and

(b) if so, the amount to be spent thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRIMATI URMILA BEN CHAMANBHAI PATEL): (a) Yes, Sir.

(b) An outlay of Rs. 79589 crores has been approved for the power sector (State and Central Sectors) for the VIIIth Five Year Plan (1992—97)

प्रसारण मानदंडो की अवहेलना

1050. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरौला** :

चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा दूरदर्शन कार्यक्रमों की प्रसारण से पूर्व प्रसारण नियमों के तहत जांच की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो वे प्रसारण नियम क्या हैं; और;

(ग) पिछले दो वर्षो के दौरान इन नियमों की कितनी बार अवहेलना की गयी हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.पी. सिंह देव) : (क) जी, हां। प्रसारण संहिता और विज्ञापन संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शन द्वारा सभी कार्यक्रमों की प्रसारण से पूर्व समीक्षा की जाती हैं।

(ख) प्रसारण संहिता में निम्नलिखित स्वीकार्य नहीं हैं:-

1. मित्र देशों की आलोचना;

2. धार्मिक एवं सामुदायिक आलोचना;

3. अश्लील अथवा अवमानना संबंधी कोई विषयी;

4. हिंसा को भडकाए जाने अथवा कानून एंव व्यवस्था को बनाए रखने के विरूद्व कोई कार्यवाही;

5. न्यायालय की मानहानि संबंधी कोई कार्यवाही;

6. राष्ट्रपति, राज्यपालों तथा न्यायपालिका की निष्ठा के विरूद्व किसी प्रकार की निंदा;

7. किसी राजनैतिक दल पर नाम से आक्षेप;

8. किसी रज्य अथवा केन्द्र की कटु आलोचना;

9. संविधान का निरादर दर्शाने वाली कोई कार्यवाही

अथवा हिंसा से संविधान में परिवर्तन का समर्थन करने वाली कार्यवाही, लेकिन संवैधानिक तरीके से परिवर्तन का समर्थन करने वाली किसी भी कार्यवाही को प्रतिबन्धित न किया जाए।

(ग) कभी नहीं।